भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1360**
11.12.2023 को उत्तर के लिए

**रामसर स्थल**

**1360. श्री नारणभाई काछड़िया**
**श्री देवजी पटेल:**
**श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में रामसर स्थलों की कुल संख्या कितनी है;
(ख) क्या वर्ष 2015 से देश में रामसर स्थलों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) इन स्थलों के बेहतर परिरक्षण और संरक्षण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री अश्विनी कुमार चौबे)**

(क) और (ख) अब तक कुल 75 आर्द्रभूमियों को अंतर्राष्ट्रीय महत्व के आर्द्रभूमि (रामसर स्थलों) के रूप में नामित किया गया है, जिनमें से 26 आर्द्रभूमियों को वर्ष 2014 तक नामित किया गया था और वर्ष 2015 से 49 और आर्द्रभूमियों को रामसर स्थलों के रूप में नामित किया गया है। भारत के रामसर स्थलों की सूची **अनुबंध-1** पर दी गई है।

(ग) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के कार्यक्षेत्र के अधीन आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 को अधिसूचित किया है, जो देश के सभी अधिसूचित आर्द्रभूमियों और रामसर स्थलों पर लागू होते हैं। इन नियमों के प्रावधानों के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र आर्द्रभूमि प्राधिकरणों का गठन किया गया है जो रामसर स्थलों सहित आर्द्रभूमियों की सुरक्षा और संरक्षण हेतु उत्तरदायी हैं।

इसके अलावा, यथा संशोधित, अधिनियमों और नियमों नामतः भारतीय वन अधिनियम, 1927, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972, वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980, राज्य वन अधिनियम और तटीय विनियमन क्षेत्र अधिसूचना, 2011 के विभिन्न प्रावधान, रामसर स्थलों सहित आर्द्रभूमियों के संरक्षण और प्रबंधन संबंधी उपाय भी निर्धारित करते है।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय देश में आर्द्रभूमियों (रामसर स्थलों सहित) के संरक्षण और प्रबंधन हेतु वर्तमान में केंद्र सरकार और संबंधित राज्य सरकारों के बीच लागत साझा करने

के आधार पर राष्ट्रीय जलीय पारि-प्रणाली संरक्षण योजना (एनपीसीए) नामक एक केंद्रीय प्रायोजित स्कीम को कार्यान्वित कर रहा है।

वर्ष 2023 में भारत सरकार द्वारा की गई अमृत धरोहर नामक पहल, भारत में रामसर स्थलों के विवेकपूर्ण उपयोग, अद्वितीय संरक्षण मूल्यों और सेवाओं को बढ़ावा देती है। इनमें चार घटक अर्थात प्रजाति और पर्यावास संरक्षण, प्रकृति पर्यटन, आर्द्रभूमि आजीविका और आर्द्रभूमि कार्बन मूल्यांकन शामिल हैं। अमृत धरोहर को विभिन्न विभागों और राज्य सरकारों की अभी चल रही योजनाओं/कार्यक्रमों के अभिसरण के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है।

*****

**अनुबंध-I**

**'रामसर स्थल' के संबंध में दिनांक 11 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1360 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I**

**भारत में रामसर स्थल के रूप में नामित आर्द्रभूमियों की सूची**

| **क्र.सं.** | **रामसर स्थल** | **राज्य** | **नामित किए जाने का दिनांक** | **क्षेत्रफल हेक्टेयर में** |
|---|---|---|---|---|
| **क** | **वर्ष 1981-2014 तक रामसर स्थल के रूप में नामित की गई आर्द्रभूमियां: 26** | | | |
| 1. | चिल्का झील | ओडिशा | 01-10-1981 | 116500 |
| 2. | केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान | राजस्थान | 01-10-1981 | 2873 |
| 3. | हरिके झील | पंजाब | 23-03-1990 | 4100 |
| 4. | सांभर झील | राजस्थान | 23-03-1990 | 24000 |
| 5. | लोकटक झील | मणिपुर | 23-03-1990 | 26600 |
| 6. | वुलर झील | जम्मू एवं कश्मीर | 23-03-1990 | 18900 |
| 7. | कांजली | पंजाब | 22-01-2002 | 183 |
| 8. | रोपड़ | पंजाब | 22-01-2002 | 1365 |
| 9. | अष्टमुडी आर्द्रभूमि | केरल | 19-08-2002 | 6140 |
| 10. | भोज आर्द्रभूमि | मध्य प्रदेश | 19-08-2002 | 3201 |
| 11. | दीपोर बील | असम | 19-08-2002 | 4000 |
| 12. | पूर्वी कलकता आर्द्रभूमि | पश्चिम बंगाल | 19-08-2002 | 12500 |
| 13. | त्सोमोरिरि | जम्मू एवं कश्मीर | 19-08-2002 | 12000 |
| 14. | भितरकनिका मैंग्रोव | ओडिशा | 19-08-2002 | 65000 |
| 15. | कोलेरू झील | आंध्र प्रदेश | 19-08-2002 | 90100 |
| 16. | प्वाइंट कैलिमेरे वन्यजीव और पक्षी अभयारण्य | तमिलनाडु | 19-08-2002 | 38500 |
| 17. | पोंग बांध झील | हिमाचल प्रदेश | 19-08-2002 | 15662 |
| 18. | सस्थमकोट्टा झील | केरल | 19-08-2002 | 373 |
| 19. | वेम्बनाड-कोल आर्द्रभूमि | केरल | 19-08-2002 | 151250 |
| 20. | होकरा आर्द्रभूमि | जम्मू एवं कश्मीर | 08-11-2005 | 1375 |
| 21. | रेणुका आर्द्रभूमि | हिमाचल प्रदेश | 08-11-2005 | 20 |
| 22. | रुद्रसागर झील | त्रिपुरा | 08-11-2005 | 240 |
| 23. | सुरिंसर-मानसर झीलें | जम्मू एवं कश्मीर | 08-11-2005 | 350 |
| 24. | चंद्रताल आर्द्रभूमि | हिमाचल प्रदेश | 08-11-2005 | 49 |
| 25. | ऊपरी गंगा नदी | उत्तर प्रदेश | 08-11-2005 | 26590 |
| 26. | नलसरोवर | गुजरात | 24-09-2012 | 12000 |
| **ख** | **वर्ष 2015-2023 तक रामसर स्थल के रूप में नामित की गई आर्द्रभूमियां: 49** | | | |
| 27. | सुंदरबन आर्द्रभूमि | पश्चिम बंगाल | 30-01-2019 | 423000 |
| 28. | नंदुर मदमहेश्वर | महाराष्ट्र | 21-06-2019 | 1437 |
| 29. | नवाबगंज पक्षी अभयारण्य | उत्तर प्रदेश | 19-09-2019 | 225 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 30. | सरसई नावर झील | उत्तर प्रदेश | 19-09-2019 | 161 |
| 31. | सांडी पक्षी अभयारण्य | उत्तर प्रदेश | 26-09-2019 | 309 |
| 32. | ब्यास कंजर्वेशन रिजर्व | पंजाब | 26-09-2019 | 6429 |
| 33. | नांगल वन्यजीव अभयारण्य | पंजाब | 26-09-2019 | 116 |
| 34. | केशोपुर-मियानी सामुदायिक रिजर्व | पंजाब | 26-09-2019 | 344 |
| 35. | समसपुर पक्षी अभयारण्य | उत्तर प्रदेश | 03-10-2019 | 799 |
| 36. | समन पक्षी अभयारण्य | उत्तर प्रदेश | 02-12-2019 | 526 |
| 37. | पार्वती अरगा पक्षी अभयारण्य | उत्तर प्रदेश | 02-12-2019 | 722 |
| 38. | कबरताल आर्द्रभूमि | बिहार | 21-07-2020 | 2620 |
| 39. | आसन संरक्षण रिजर्व | उत्तराखंड | 21-07-2020 | 444 |
| 40. | लोनार झील | महाराष्ट्र | 22-07-2020 | 427 |
| 41. | सूर सरोवर | उत्तर प्रदेश | 21-08-2020 | 431 |
| 42. | त्सो कार आर्द्रभूमि कॉम्प्लेक्स | लद्दाख | 17-11-2020 | 9577 |
| 43. | थोल झील वन्यजीव अभयारण्य | गुजरात | 05-04-2021 | 699 |
| 44. | वाधवाना आर्द्रभूमि | गुजरात | 05-04-2021 | 630 |
| 45. | खिजड़िया वन्यजीव अभयारण्य | गुजरात | 13-04-2021 | 512 |
| 46. | हैदरपुर आर्द्रभूमि | उत्तर प्रदेश | 13-04-2021 | 6908 |
| 47. | सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान | हरियाणा | 25-05-2021 | 143 |
| 48. | भिंडावास वन्यजीव अभयारण्य | हरियाणा | 25-05-2021 | 412 |
| 49. | बखिरा वन्य जीव अभ्यारण्य | उत्तर प्रदेश | 29-06-2021 | 2894 |
| 50. | पाला आर्द्रभूमि | मिजोरम | 31-08-2021 | 1850 |
| 51. | सतकोसिया कण्ठ | ओडिशा | 12-10-2021 | 98197 |
| 52. | तम्पारा झील | ओडिशा | 12-10-2021 | 300 |
| 53. | अंसुपा झील | ओडिशा | 12-10-2021 | 231 |
| 54. | हीराकुंड जलाशय | ओडिशा | 12-10-2021 | 65400 |
| 55. | कुन्थनकुलम पक्षी अभयारण्य | तमिलनाडु | 08-11-2021 | 72 |
| 56. | चित्रांगुडी पक्षी अभयारण्य | तमिलनाडु | 08-11-2021 | 260 |
| 57. | सिरपुर आर्द्रभूमि | मध्य प्रदेश | 07-01-2022 | 161 |
| 58. | सख्य सागर | मध्य प्रदेश | 07-01-2022 | 248 |
| 59. | यशवंत सागर | मध्य प्रदेश | 07-01-2022 | 823 |
| 60. | रंगनाथिट्टु पक्षी अभयारण्य | कर्नाटक | 15-02-2022 | 518 |
| 61. | मन्नार की खाड़ी समुद्री | तमिलनाडु | 08-04-2022 | 52672 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | बायोस्फीयर रिजर्व | | | |
| 62. | वेम्बन्नूर आर्द्रभूमि कॉम्प्लेक्स | तमिलनाडु | 08-04-2022 | 20 |
| 63. | वेल्लोड पक्षी अभयारण्य | तमिलनाडु | 08-04-2022 | 77 |
| 64. | उदयमार्थण्डपुरम पक्षी अभयारण्य | तमिलनाडु | 08-04-2022 | 44 |
| 65. | वेदांथंगल पक्षी अभयारण्य | तमिलनाडु | 08-04-2022 | 40 |
| 66. | कारिकीली पक्षी अभयारण्य | तमिलनाडु | 08-04-2022 | 58 |
| 67. | पल्लीकरनई मार्श रिजर्व वन | तमिलनाडु | 08-04-2022 | 1248 |
| 68. | पिचावरम मैंग्रोव | तमिलनाडु | 08-04-2022 | 1479 |
| 69. | वडुवुर पक्षी अभयारण्य | तमिलनाडु | 08-04-2022 | 113 |
| 70. | सुचिन्द्रम थेरूर आर्द्रभूमि कॉम्प्लेक्स | तमिलनाडु | 08-04-2022 | 94 |
| 71. | कांजीरनकुलम पक्षी अभयारण्य | तमिलनाडु | 08-04-2022 | 97 |
| 72. | ठाणे क्रीक | महाराष्ट्र | 13-04-2022 | 6521 |
| 73. | नंदा झील | गोवा | 08-06-2022 | 42 |
| 74. | ह्यगाम आर्द्रभूमि संरक्षण रिजर्व | जम्मू एवं कश्मीर | 08-06-2022 | 802 |
| 75. | शालबुघ आर्द्रभूमि संरक्षण रिजर्व | जम्मू एवं कश्मीर | 08-06-2022 | 1675 |
| | **कुल क्षेत्रफल** | | | **13,26,678** |

*****